मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **02.02.2020**

CMO Updates--Social Media

विज्ञप्ति संख्या-128/2020

- झारखंड में मानव तस्करी के दाग को धोना हमारी पहली प्राथमिकता--हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने ट्वीट करके यह कहा है की झारखंड से मानव तस्करी के दाग को धोना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

गुमला जिले की 06 नाबालिग बेटियों को दिल्ली से मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराये जाने के बाद इन्हें मिल रही धमकियों के बाबत मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गुमला पुलिस को इस मामले को पहली प्राथमिकता में रखते हुए मानव तस्करों को पकड़ने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया है। उन्होंने गुमला उपायुक्त को क्षेत्र में ऐसे बच्चों की पहचान करने को भी कहा है जो मानव तस्करी का शिकार हो सकते हैं, उन बच्चों को शिक्षा एवं स्किल कार्यक्रम से जोड़ते हुए उनके सतत ट्रैकिंग की व्यवस्था करने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने जिला के सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ एवं एंटी-ट्रैफ़िकिंग पुलिस यूनिट को सशक्त और संवेदनशील बनाने का निदेश दिया है ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगायी जा सके।

https://twitter.com/HemantSorenJMM/status/1223816145691480064?s=08

###

=====================

#TeamPRD(CMO)